फर्द अहकाम

चमनलाल बनाम राजस्थान सरकार

प्रार्थना पत्र संख्या: 19 / 2025

दिनांक	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
08.01.2025	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र बाबत् नाम शुद्धिकरण पेश किया। पत्रावली मे संलग्न दस्तावेजात का मनन एवं अवलोकन करने पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र बाबत् नाम दुरूस्ती स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार सांगानेर को वाके ग्राम बगरूकलां, पटवार मण्डल बगरूकलां तहसील सांगानेर में स्थित खाता नम्बर 1282 में अंकित खातेदार चिमनलाल पुत्र सुण्डीलाल के स्थान पर चमनलाल पुत्र सुन्डीलाल दुरूस्त करने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 08.01.2025 को सुनाया गया। (हिम्मत सिंह) आर.ए.एस. उपखण्ड अधिकारी जयपुर–द्वितीय (साँगानेर), जयपुर	